कक्षा-छठी, विषय-हिंदी

अधिन्यास संख्या-5 (पाठ-6 व्याकरण)

प्र०1 निम्नलिखित वाक्यों में विशेषण शब्द रेखांकित करके उनके भेद लिखिए-

वाक्य	विशेषण का भेद
(क) मैं दो सेब खाऊँगा |	
(ख) बगीचे में रंग-बिरंगे फूल खिले हैं |	
(ग) वह लड़की रंगोली बना रही है |	
(घ) रमा ने नीली साड़ी पहनी है |	
(ड.) हम पाँच दोस्त साथ-साथ रहते हैं |	
(च) बाजार से चार मीटर कपड़ा ले आओ |	
(छ) यह पुस्तकालय बड़ा प्रसिद्ध है |	
(ज) खाने के लिए कुछ लड्डू दे दो |	
(झ) मेरे स्कूल में मासिक परीक्षा होती है |	

प्र०2 निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण एवं प्रविशेषण छाँटकर लिखिए -

वाक्य	विशेषण	प्रविशेषण
(क) इस पर्वतमाला में काफ़ी ऊँचे-ऊँचे पहाड़ हैं |		
(ख) वह लड़का बहुत परिश्रमी है |		
(ग) तुम बड़े भोले हो |		
(घ) राकेश बहुत चतुर है |		
(ड.) यह अत्यंत कष्टदायक समाचार है |		
(च) मेरे पिता जी बड़े ईमानदार व्यक्ति हैं |		
(छ) कविता ने गहरी नीली साड़ी पहनी है |		
(ज) दूध ज्यादा गरम नहीं है |		

प्र०3 निम्नलिखित वाक्यों के लिए एक शब्द लिखिए -

(क) ईश्वर में विश्वास रखने वाला

(ख) जिसके आर-पार देखा जा सके

(ग) आज्ञा का पालन करने वाला

(घ) जिसका मूल्य न आँका जाए

(ड.) दूर की देखने व सोचने वाला

(च) दो भाषाएँ जानने व बोलने वाला

प्र०4 निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए -

(क) अग्नि ....

(ख) कपड़ा ....

(ग) कमल ....

(घ) गंगा ....

(ड.) माता ....